तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 मई 2026

11 उदंती टाइगर रिजर्व के कैमरों में कैद हुआ हनी बैजर



12 मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे...





# संवरी मछुआरों की आजीविका : सेंदर के नारायण को जाल और तीरथ को मिला आइस बॉक्स

## किराए के जाल और गर्मी में मछलियां खराब होने की चिंता से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

सुशासन तिहार आम नागरिकों के लिए केवल समस्या समाधान का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आजीविका को मजबूत करने का सशक्त अभियान बनता जा रहा है। ग्राम बोरसी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम सेंदर के मछली पालक नारायण निषाद एवं तीरथ निषाद को राज्य पोषित योजना अंतर्गत क्रमशः जाल एवं आइस बॉक्स प्रदान किया गया। जिससे दोनों हितग्राहियों के आजीविका कार्य को नई दिशा मिली है। ग्राम सेंदर निवासी नारायण निषाद पिछले लगभग 20 वर्षों से मछली पालन का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने 3 एकड़ के तालाब को 5 वर्षों के लिए 12 हजार रुपये वार्षिक किराए पर लेकर मछली पालन शुरू किया। लगातार मेहनत और अनुभव के दम पर वे आज अच्छी आय अर्जित कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उन्होंने अपने तालाब में लगभग 1 लाख मछली बीज डलवाया है, जो आगामी 5 से 6 महीनों में विक्रय योग्य हो जाएगा। नारायण निषाद ने बताया कि अब तक उन्हें मछली पकड़ने के लिए किराए के जाल पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे अतिरिक्त खर्च बढ़ जाता था। सुशासन तिहार के शिविर में शासन द्वारा जाल उपलब्ध कराए जाने से उनकी यह समस्या दूर हो गई है। अब वे बिना अतिरिक्त खर्च के स्वयं मछली उत्पादन एवं विक्रय का कार्य कर सकेंगे। जिससे उनकी आय में भी वृद्धि होगी। इसी प्रकार ग्राम सेंदर के तीरथ निषाद भी लंबे समय से मछली पालन से जुड़े हुए हैं।



### 5 एकड़ में तीरथ की किसानी, आइस बॉक्स से ताजी रहेंगी मछलियां

उन्होंने 5 एकड़ तालाब को 5 वर्षों के लिए 80 हजार रुपये में लीज पर लेकर मछली पालन का कार्य शुरू किया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग डेढ़ क्विंटल मछली बीज तालाब में डलवाया गया है, जिससे भविष्य में बेहतर उत्पादन और मुनाफे की उम्मीद है। तीरथ निषाद गांवों एवं बाजारों में घूम-घूमकर मछलियों का विक्रय करते हैं। सुशासन तिहार शिविर में उन्हें आइस बॉक्स प्रदान किया गया। जिससे अब वे मछलियों को लंबे समय तक ताजा रख सकेंगे। इससे मछलियों की गुणवत्ता बनी रहेगी और उन्हें बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि पहले गर्मी के मौसम में मछलियों को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण होता था, लेकिन अब आइस बॉक्स मिलने से विक्रय कार्य और अधिक आसान हो जाएगा। दोनों हितग्राहियों ने शासन की इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं मत्स्य विभाग का आभार जताया। उनका कहना है कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे व्यवसायियों और किसानों को आत्मनिर्भर बनने में बड़ी सहायता मिल रही है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा मछली पालन जैसे आजीविका आधारित कार्यों को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है।

## खबर संक्षेप

### जिले में डीएलएड प्रवेश परीक्षा 4 जून को

**गरियाबंद।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन 04 जून (गुरुवार) को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए कलेक्टर बीएस उइके ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। जारी आदेश के अनुसार शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय में सहायक खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में श्रम निरीक्षक परीक्षित कुमार, शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवा संभाग के सहायक अभियंता जागेश्वर मरकाम तथा शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में पीएमजीएसवाई के सहायक अभियंता संतोष कुमार ध्रुव को पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसी प्रकार आईटीआई महाविद्यालय में मत्स्य विभाग के सहायक संचालक जीके वर्मा, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में क्रेडा विभाग के सहायक अभियंता तुलसी राम ध्रुव, सरस्वती शिशु मंदिर में लोक निर्माण विभाग राजिम के उप अभियंता मनीष कुमार साहू तथा आईटीएस महाविद्यालय में जल संसाधन उप संभाग के अनुविभागीय अधिकारी महेश कुमार पंडोरिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

फिंगेश्वर। **29 मई को ब्लॉक कांग्रेस** कमेटी फिंगेश्वर के द्वारा विभिन्न मांगो एवं मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया जायेगा। जिसको लेकर विकासखंड फिंगेश्वर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल उपस्थित रहेंगे। सभी लोगों की उपस्थिति को लेकर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष रूपेश साहू ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का आमंत्रित किया है। धरना प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस का एजेंडा मे बताया कि हमारी प्रमुख मांगे इस प्रकार से है जिनको लेकर आज कार्यक्रम आयोजित होगा। किसानों को खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए। गरियाबंद जिला के अधिकारी कर्मचारी सचिव संघ,पटवारी संघ के साथ सार्वजनिक दुर्वव्यवहार करना बंद करें शिकायत है तो विभागीय कार्यवाही हो। शिक्षा विभाग में हुए अवैध वसूली पर तत्काल जांच कमेटी गठन कर दोषियों पर कार्रवाई किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना का राशि तत्काल हितग्राही को दिया जाए। गरीब जनता वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन एवं विकलांग पेंशन तत्काल दिया जाए। घरेलू गैस 45 दिन की अपेक्षा 25 दिन में दिया जाए। आघोषित बिजली कटौती बंद करें। पेट्रोल डीजल के दाम में वृद्धि कम करें। गरियाबंद जिले में अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाया जाए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर रूपेश साहू के नेतृत्व में 29 मई 2026 समय सुबह 10 बजे से फिंगेश्वर किसान सहकारी समिति का घेराव एवं चक्का जाम होगा।

## दहशत : तालाब में नहा रही 6 वर्षीय लक्ष्मी पर झपटा तेंदुआ, गंभीर हालत में रायपुर रेफर

# गरियाबंद में तेंदुए का खूनी तांडव दहशत में 13 गांवों के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

गरियाबंद वनमंडल क्षेत्र में तेंदुए की लगातार बढ़ती गतिविधियों और बच्चों पर हो रहे हमलों के बाद वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। वन परिक्षेत्र गरियाबंद के बारूका और जड़जड़ा परिसर से जुड़े ग्राम पंटोरा, चट्टानपारा, कोदोबत्तर, बारूका, जड़जड़ा, पेंड्रा, कोटरीघापर, भुईनाहाडेरा, कुर्रूभाठा, खट्टी, सढ़ौली, चिखली और आमदी में तेंदुए का लगातार विचरण देखा जा रहा है। संभावित जनहानि और पशुहानि की आशंका को देखते हुए विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ा दी है। वन विभाग की टीम गांव-गांव पहुंचकर मुनादी के जरिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रही है। जिन इलाकों में तेंदुए की मौजूदगी देखी गई है, वहां जंगल के किनारे पिंजरे लगाए गए हैं तथा ट्रैप कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। विभाग की टीमें तीन पालियों में लगातार गश्त कर रही हैं। सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक तथा रात में भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। मोबाइल ▶▶ शेष पेज 10 पर

- तेंदुए के बढ़ते आतंक के बीच वन विभाग अलर्ट, गांव-गांव पहुंचकर कर रहा जागरूक





### 6 दिनों में बच्चों पर तीसरा हमला

जिले में बीते 6 दिनों के भीतर तेंदुए द्वारा बच्चों पर हमला किए जाने की यह तीसरी बड़ी घटना है। ताजा मामला छुरा ब्लॉक के ग्राम कुर्रूभाठा का है, जहां बुधवार शाम तालाब में नहा रही 6 वर्षीय लक्ष्मी पर तेंदुए ने हमला कर दिया। तेंदुए ने बच्ची के गले को दबोच लिया। बच्ची की चीख सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाया, जिसके बाद तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया। इससे पहले पांटोरा गांव में 5 वर्षीय खोमिका बाई कमार पर भी तेंदुए ने हमला कर उसे उठाकर ले जाने की कोशिश की थी। वहीं कोदोबत्तर में 7 वर्षीय बच्ची पर हमला हुआ था। 22 मई को चट्टानपारा में 10 वर्षीय धनेश कुमार कमार पर तेंदुए ने झपट्टा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सभी घटनाओं में बच्चों के गले और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।



### ग्रामीणों में दहशत, कार्रवाई तेज करने की मांग

लगातार हो रहे हमलों के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोग शाम ढलते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले तेंदुआ मवेशियों और कुत्तों को निशाना बनाता था, लेकिन अब छोटे बच्चों पर हमले बढ़ने से स्थिति और गंभीर हो गई है। लोगों ने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त पिंजरे लगाने, रात में गश्त बढ़ाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है। वन विभाग का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभाग ने लोगों से अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की।

# बिजली गिरने से ग्रामीण की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले के देवभोग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माहुलकोट में आज गुरुवार शाम तेज आंधी-तूफान, बिजली कड़कने और हल्की बारिश बूंदाबांदी के बीच दर्दनाक हादसा हो गया। आकाशीय बिजली गिरने से 34 वषऍय युवक चितानन्द भोई की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक युवक गांव के पास एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। इसी दौरान मौसम अचानक बिगड़ गया और तेज तूफान शुरू हो गया। युवक वहां से अपने सायकल से घर लौटने निकल ही रहा था कि अचानक जोरदार गाज गिर गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और युवक को 108 एम्बुलेंस की मदद से देवभोग अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक का नाम चितानन्द बताया जा रहा है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार तेज धूप के बाद अचानक मौसम परिवर्तन तेज आंधी के साथ लगातार बिजली कड़क रही थी। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# राजीव का अग्निवीर टेक्निकल में चयन



**नवापारा-राजिम।** मानिकचौरी के राजीव साहू का भारतीय सेना के अग्निवीर टेक्निकल पद पर चयन हुआ है। राजीव, गांव के किसान राधेलाल-मीना साहू के सुपुत्र हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। उनके चयन की खबर से गांव में हर्ष का वातावरण है। सरपंच हेमलता साहू ने कहा कि राजीव की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

# 2 जून को खत्म होगा नौतपा, फिर शुरू होगा पंचक का पहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

नौतप्पा की तपिश ने महज चार दिनों में ही लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। 25 मई से लगे नौतप्पा का जलवा सुबह से ही देखने को मिलता है। सूर्यदेव आग उगलने लगते हैं और दोपहर तक सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। गर्म हवाओं और झुलसा देने वाली धूप ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। बाजारों और चौक-चौराहों में भी सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम चहल-पहल दिखाई दे रही है। लगातार बढ़ते तापमान ने बच्चों, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। नौतप्पा का अभी केवल चार दिन ही बीता है, लेकिन लोगों के चेहरे पर चिंता साफ दिखाई देने लगी है। हर कोई यही सोचकर परेशान है कि चार दिन मुश्किल से कटा है। अभी 5 दिन और बाकी है। 2 जून को नौतप्पा खतम होगा उसके बाद शुरू होगा पंचक। मतलब 7 जून तक गर्मी के तेज कहर को हर हाल में सहना ही पड़ेगा। एक ▶▶ शेष पेज 10 पर

# टेंगनाबासा के खेतों में रखी पराली में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

टेंगनाबासा के खेतों में रखी पैराली में आज सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात बताया जा रहा है। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर 112 की टीम और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। दमकल कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए आग बुझाने का कार्य शुरू किया, जिससे आग को आसपास के खेतों तक फैलने से रोका जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेजी से फैल रही थी, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। किसानों में भी आग को लेकर चिंता देखी गई। हालांकि राहत टीम की तत्परता से नुकसान टल गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि गर्मी और सूखी पैराली के कारण आग तेजी से फैल रही थी। फायर ब्रिगेड की टीम के आने के बाद आग पर नियंत्रण पाया। वहीं जिला प्रशासन ने किसानों से खेतों में पैराली नहीं जलाने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि पैराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और आग फैलने जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। किसानों से सुरक्षित एवं वैकल्पिक तरीकों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

## कलेक्टर के निर्देश पर सघन जांच शुरू

# खाद की जमाखोरी और मुनाफाखोरी पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

खरीफ सीजन शुरू होते ही जिले में खाद की मांग बढ़ गई है। एक ओर किसान खाद संकट और समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं होने की समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ खाद व्यापारी इस स्थिति को अवसर में बदलकर मनमानी कीमत पर बिक्री और भंडारण करने में जुटे हैं। ऐसे हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ाते हुए कालाबाजारी, अवैध परिवहन और मुनाफाखोरी पर नकेल कसने की तैयारी तेज कर दी है। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर कृषि विभाग जिला विपणन विभाग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और सहकारी संस्थाओं के अधिकारियों को लगातार निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए सहकारी और निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिले में वर्तमान समय में सहकारी समितियों में यूरिया, डीएपी, एसएसपी, एमओपी और विभिन्न एनपीके उर्वरकों सहित कुल 17 हजार 818 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक भंडारित हैं। इसके साथ ही नैनो यूरिया की 10 हजार 511 तथा नैनो डीएपी की 8 हजार 323 बोतलें उपलब्ध हैं। प्रशासन किसानों को पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो उर्वरकों के उपयोग के लिए भी प्रेरित कर रहा है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसा के आधार पर विभिन्न उर्वरक समूह तैयार किए गए हैं, जिनमें डीएपी के विकल्प के रूप में एसएसपी और अलग-अलग एनपीके संयोजन शामिल किए गए हैं।





**नैनो यूरिया और नैनो डीएपी से घटेगी लागत, बढ़ेगा उत्पादन-** इन समूहों की जानकारी सहकारी समितियों में चस्पा कर किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन ने किसानों की भूमि के आधार पर खाद वितरण की व्यवस्था भी तय की है। सीमांत किसानों को एकमुश्त उर्वरक ▶▶ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### फुंडहर में करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जा प्रशासन ने कराया मुक्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर कब्जा करने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। इन मामलों में शिकायत आने के बाद ही नगर निगम और प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जोन-9 अंतर्गत फुंडहर में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर किए गए कब्जे को राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे मुक्त कराया।

### बीजापुर डीएफओ हटाए गए

**रायपुर।** इटपाल के तेंदूपत्ता गोदाम में लगी आग को बड़ी लापरवाही मानते हुए राज्य शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। बीजापुर के वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) रमेश कुमार जांगड़े को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उन्हें प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय रायपुर में अटैच किया गया है। वन एवं प्रबंधन का कार्य देखने के लिए जाधव सागर रामचंद्र को बीजापुर का नया डीएफओ नियुक्त किया है।

### हाईवे में हेलमेट अनिवार्य करने के लिए मुख्यमंत्री को लिखे पत्र

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि हमारी समिति ने आपको हेलमेट अनिवार्य करने के संबंध में कई पत्र लिखे, जिसके जवाब में अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने 27 अप्रैल को एक पत्र रायपुर के सभी समाचार पत्रों को जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के आदेश के अनुसार मोटर साइकिल चालक व पीछे बैठे सवार दोनों के लिए हेलमेंट अनिवार्य किया गया है तथा इस संबंध में मोटर यान अधिनियम 1988 में आवश्यक प्रावधान किए गए है, इस प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मोटर साइकिल चालाने पर इस अधिनियम की धारा 194 (घ) के तहत अर्थदंड से दंडित किए जाने का प्रावधान है।

### कांग्रेस का आरोप- जनगणना के आंकड़े बदलवा कर छवि सुधारने की कोशिश कर रही सरकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार दुर्भावनापूर्वक जनगणना के वास्तविक आंकड़े बदलवा रही है। सरकार जनगणना कार्य में लगे



शिक्षकों द्वारा एकत्रित किए गए वास्तविक तथ्यों में फेरबदल करवाने के लिए दबाव डाल रही है। किसी घर में यदि उज्जवला गैस का कनेक्शन है, लेकिन गैस नहीं भरवा पाने के कारण उनके यहां खाना चूल्हे पर बन रहा है, किसी ने अपने यहां शौचालय नहीं होने की बात लिखवाई है, तो कोई झोपड़ी में रहता है तथा वह सर्वे सूची में पात्र है, उसे प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला है, तो उसने वही लिखवाया है। इन आंकड़ों को जनगणना कार्य में लगे उच्चाधिकारी बदलवा रहे हैं।

# कर्नाटक को 67-62 अंकों से हराकर छत्तीसगढ़ फाइनल में

## 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन, महासमुंद की दिव्या ने सेमीफाइनल में बनाए सर्वाधिक 27 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा पांडिचेरी बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका) का आयोजन 22 मई से 29 मई 2026 तक राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम पांडिचेरी में आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम शामिल हैं।

महासमुंद जिले से अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी इमलीभाठा शामिल हैं। इस चैंपियनशिप में दिव्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही फाइनल में पहुंच गई हैं। छत्तीसगढ़ टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र की टीम को 56-44 के अंको से परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। छत्तीसगढ़ की टीम से चैंपियनशिप में रूमी कोनवर, अदिति कोडापे, अंजली कोडापे, अंजनी, सोफी सिका, दिव्या रंगारी एवं नंदनी माधो प्रधान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मैच छत्तीसगढ़ एवं कर्नाटक के मध्य खेला गया। जिसमें हॉफ टाइम तक छत्तीसगढ़ की टीम ने कर्नाटक से 31-24 अंकों से आगे रहते हुए अपनी बढ़त बनाएं रखा। तीसरे क्वॉर्टर में 48-43 अंकों से छत्तीसगढ़ ने अपनी बढ़त बनाए रखा एवं अंतिम क्वार्टर में छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक को 67-62 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर पदक पक्का कर लिया। महासमुंद की दिव्या ने सेमी फाइनल में बेहतर प्रदर्शन कर सबसे ज्यादा 27 अंक बनाकर टीम को विजेता बनने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस माह दिव्या बास्केटबॉल इंडिया कैंप का हिस्सा रहीं हैं।



छत्तीसगढ़ की बालिका टीम में अंजली कोडापे (कप्तान), अदिति कोडापे, अंजनी, रूमी कोनवर, सोफी सिका, नंदनी माधो प्रधान (सभी सर्वज्ञ राव बास्केटबाल एकेडमी राजनांदगांव), नताशा प्रजापति (साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव), दिव्या रंगारी (महासमुंद), पारूल वर्मा और नित्या पांडे (रायपुर), कलश झा एवं सारा सिंह (भिलाई), टीम के कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच लुमेंद्र साहू (एसईसीआर), मैनेजर अनिता तिर्की (सरगुजा जिला) है।

छत्तीसगढ़ बालिका टीम एवं महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी के बेहतर प्रदर्शन करने व फाइनल में प्रवेश करने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष नूरेन चंद्राकर, चेयरमैन गौरव चंद्राकर, सचिव शुभम तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, पूरन साहू, बादल मक्कड़, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, संतोष कुमार सोनी, किरण महाडिक, अभिषेक अंबिलकर, कुलेश्वर चंद्राकर, पिता विनोद रंगारी, माता सपना रंगारी, मां गायत्री स्कूल प्राचार्य विमला सागर, सुभाष मंडल, विवेक मंडल, निखिल चंद्राकर, विकास सोनी, आकाश सोनी, योजना रंगारी, तारणी साहू, सौम्या, श्रेया घोष, राइमा दास आदि ने हर्ष जताया है।

# मासिक धर्म पर खुलकर संवाद बेहद जरूरी : इंद्रजीत गोल्डी

## मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में तारूणय वार्ता एवं पीरियड्स पर खुलकर चर्चा की गई। मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर बीआरसीसी कार्यालय में कार्याशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मासिक धर्म प्रबंधन पर विशेष जागरुकता अभियान की शुरुआत रायपुर से हुई थी। यह कार्यक्रम भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहे हैं।

जिले के मास्टर ट्रेनर्स के रूप में लीनू चंद्राकर जिला संगठन आयुक्त गाइड, शत्रुघ्न साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट, राजकुमारी बंजारे प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिले में स्काउट गाइड, रोवर रेंजर्स की टीम लगातार गांव, शहरों, बस्तियों में जाकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास कर रही है। निपटान, किशोर स्वास्थ्य लैंगिक समानता एवं जागरुकता, लड़के और लड़कियां दोनों की जिम्मेदारी, पीरियड प्रोडक्ट तक पहुंचे एवं पीरियड्स फ्रेंडली शौचालय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई एवं जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में महासमुंद विकासखंड के व्याख्याता शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट, बीएल देवांगन, जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा,आरएडीपीओ एवं जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, समग्र एवं जिला सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, मास्टर ट्रेनर्स एवं विभिन्न विद्यालयों से आए व्याख्याता उपस्थित थे।

प्रमोद कुमार कन्नौजे ने मासिक धर्म को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इस जुड़ी भ्रांतियां किशोरियों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि परिवार और स्कूल में ऐसा माहौल होना चाहिए जहां बच्चियों बिना संकोच के स्वास्थ्य संबंधी बातें साझा कर सके। लीनू चंद्राकर ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाया जा रहा यह जन जागरूकता अभियान बेहद सराहनीय है। मासिक धर्म जैसे विषयों पर खुलकर संवाद भी समाज में जागरूकता और आत्मसम्मान बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

### मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया

राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ इंद्रजीत सिंह खालसा ने इस अभियान को महिला स्वास्थ्य और गरिमा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इस पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने नागरिकों, सामाजिक संगठनों, संस्थाओं और विद्यालयों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने मासिक धर्म को लेकर समाज में जागरूक और सकारात्मक सोच विकसित करना बेहद आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि जब तक लड़के इस विषय को सामान्य रूप से स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक लड़कियों की झिझक पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाएगी। उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छ शौचालय और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता को भी अत्यंत जरूरी बताया।



# खाद समस्या व किसानों की विभिन्न समस्याओं पर किसानों की बैठक

## मुख्यमंत्री के नाम सुशासन तिहार नोडल अधिकारी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कृषि उपज मंडी प्रांगण फिंगेश्वर में गरियाबंद जिला के फिंगेश्वर, छुरा ब्लॉक के किसानों का आवश्यक बैठक रखा गया जिसमें निम्नलिखित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किये गये है खाद संकटकिसानों को रासायनिक खाद यूरिया, डीएपी आदि पर कटौती से किसानों को फसल उत्पादन करने में भारी कठिनाई होगी क्योकि खाद कटौती के विकल्प के रुप में कोई वास्तविक परिस्थिति निर्मित नहीं की गई है। अतः खाद वितरण की मात्र पूर्ववत रखा जाये और प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया व एक बोरी डीएपी देने की आदेश को निरस्त किया जाए। खाद कंपनियों द्वारा निजी खाद विक्रेताओं को खाद के साथ अतिरिक्त वस्तु किसानों को बेचने के लिए दबाव बनाया जाता है जिससे बाजार में 266 रुपये बोरी की यूरिया 500 से 1000 रुपये में किसान खरीदने के लिए मजबूर होता है इसलिए इस पर सख्त रोक लगाई जाये और सहकारी समितियों में 70 प्रतिशत भण्डारण के बाद ही अन्य को भण्डारण की अनुमति दी जाये। फसल कटाई के बाद बचे अवशेष जैसे पराली का सही तरह से प्रबंधन नहीं होने से जला दिया जाता है। इसके सही प्रबंधन के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों के साथ संयुक्त रुप से अभियान चालाया जाना चाहिए। उपरोक्त प्रस्ताव किसानों की बैठक ने सर्वसम्मति से पारित किया है जो एक ज्ञापन के रुप में बैठक पश्चात ग्राम बोरसी में आयोजित सुशासन तिहार में नोडल अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। बैठक में भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, फिंगेश्वर ब्लॉक संयोजक रेखराम साहू, गरियाबंद जिला महासचिव योगेन्द्र साहू, छुरा ब्लॉक से मन्नूलाल चौहान, हिरदेराम साहू, मयाराम साहू, भूनूराम साहू, अजित कुमार साहू, कुलेश्वर साहू, इंदरमन साहू, टिकेश साहू, दिनेश साहू, जुगल राम, नारायण साहू, सोमन यादव, जगमोहन ध्रुव, तुलाराम साहू, मोतीलाल साहू, पवन कुमार, ओमप्रकाश ध्रुव, मंशाराम, लोकेश्वर कुमार सहित ग्राम, सिर्रीकला, पोलकर्रा, रोबा, बेलटुकरी, कौन्दकेरा, कुम्ही, पेंड्रा, सजापाली, गोंडलाबाहरा, गनियारी, बारूला, दर्रीपार, सरगोड़, बिडोरा, किरवई, रजकट्टी, सेन्दर, परसट्ठी आदि गांव से किसान उपस्थित थे।

# गर्मी की छुट्टी का आनंद, गांव में लौटा बचपन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही गांवों में एक बार फिर बचपन की पुरानी रौनक लौटने लगी है। शहरों और आसपास के क्षेत्रों से बच्चे अपने नाना-नानी एवं मामा-मामी के घर पहुंच रहे हैं, जहां गांव की गलियों में खेलकूद और पारंपरिक मनोरंजन का अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से शाम तक बच्चे साइकिल चलाते, पुराने टायर की रिंग बनाकर उसे दौड़ाते और समूह में गांव की गलियों में घूमते नजर आ रहे हैं। आधुनिक मोबाइल और वीडियो गेम के दौर में भी गांव का यह पारंपरिक बचपन बच्चों के लिए खास आकर्षण बना हुआ है। बच्चे मिट्टी भरे रास्तों, खेत-खार और खुले वातावरण में पूरे आनंद के साथ छुट्टियों का समय बिता रहे हैं। ग्रामीण बुजुर्गों का कहना है कि पहले गर्मी की छुट्टियां आते ही बच्चों की टोली पूरे गांव में दिखाई देती थी। पुराने टायर को लकड़ी से दौड़ाना, साइकिल से लंबी सैर करना और तालाब किनारे दोस्तों के साथ समय बिताना बचपन की सबसे खूबसूरत यादें हुआ करती थीं। आज भी गांवों में यह परंपरा कहीं न कहीं जीवित है, जो बच्चों को पारिवारिक जुड़ाव और संस्कारों से जोड़ रही है। माता-पिता भी मानते हैं कि गांव का वातावरण बच्चों को प्रकृति, रिश्तों और सामूहिक जीवन के महत्व को समझने का अवसर देता है। नाना-नानी और मामा-मामी के स्नेह के



बीच बच्चे पारंपरिक खेलों और ग्रामीण जीवनशैली का आनंद लेकर मानसिक रूप से भी खुश और ऊर्जा महसूस कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों शाम होते ही बच्चों की टोलियां साइकिल और टायर रिंग के साथ गांव की गलियों में घूमती दिखाई देती हैं। उनकी हंसी और उत्साह गांव के पुराने दिनों की याद ताजा कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे पारंपरिक खेल बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव को भी मजबूत करते हैं। गर्मी की छुट्टियों में गांवों में लौटता यह बचपन आज भी लोगों के लिए खुशी, अपनापन और यादगार पलों का प्रतीक बना हुआ है।

# जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

देश के प्रथम प्रधानमंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी और आधुनिक भारत के शिल्पकार 'चाचा नेहरू' के नाम से लोकप्रिय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 27 मई फिंगेश्वर रेस्ट हाउस में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपस्थित नगर के कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जी आधुनिक भारत के मुख्य वास्तुकार थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में देश की बागडोर संभाली और राष्ट्र की मजबूत नींव रखी।उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान और भारी उद्योगों के क्षेत्र में जिन महान संस्थाओं (आईआईटी, एम्स, इसरों) की स्थापना की वे आज भी देश को आत्मनिर्भरता और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा रही हैं। श्री साहू ने कहा पंडित नेहरू जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि एक दूरदर्शी विचारक, लेखक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुटनिरपेक्ष आंदोलन के प्रणेता थे। उनका लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच में अटूट विश्वास था। बच्चों के प्रति उनका अगाध स्नेह था, इसीलिए उनके जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उपस्थित नेताओं ने उनके दिखाए रास्ते पर चलने और देश की एकता,अखंडता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बाछोर, जिला कांग्रेस महामंत्री कमल यदु, हरिशंकर श्रीवास्तव, अनिल चंद्राकर, सोशल मीडिया सह प्रभारी टिकेश साहू, करीम खान मंडल अध्यक्ष तेजेश यदु, सेक्टर अध्यक्ष मनोज सोनवानी, युवराज सिंन्हा, राजऋषि टंडन, छगन रात्रे, चिमनलाल साहू, लेख राम साहू, मिलाप राम साहू, तेजेशवर महाड़िक, भोला कोसरे, डोमार ध्रुव, मंथिर साहू, संजय साहू, हेमंत साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### शहर में नि:शुल्क कराते सेल्फ डिफेंस फिटनेस कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत कराते मास्टर नीलकंठ साहू, शेखर साहू, लेडी कराते ट्रेनर खुशी साहू द्वारा गुरु गोविंद सिंह उद्यान बीटीआई रोड में प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक निःशुल्क कराते सेल्फ डिफेंस फिटनेस कैंप का आयोजन किया गया है। 17 मई से 6 जून तक चलने वाले इस शिविर में हर उम्र के बालक बालिकाओं के साथ बड़े भी भारी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

एशियन सेकिकाई कराते संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर नीलकंठ साहू ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में आज कल के लड़ाई झगड़े वाले माहौल और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए कराते के साथ साथ थाई किक, बॉक्सिंग, सावलिन, कुंगफू वुशु तलवार, भाला नान, चाकू, लाठी जुंबा डांस स्केटिंग ध्यान एवं योग की बारिकियों को बताया जा रहा है, जिसे प्रशिक्षणार्थी काफी उत्साह के साथ सिख रहे हैं। आयोजन को लेकर नगरवासियों में काफी उत्साह है। लेडी कराते मास्टर ट्रेनर खुशी साहू द्वारा युवतियों को आत्मरक्षा के लिए वूमेंस सेफ्टी सेल्फ डिफेंस का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें दिनचर्या में उपयोग होने वाली चीजों जैसे दुपट्टा, पिन, चाबी, न्यूज पेपर का उपयोग खतरनाक हथियार के रूप में करने के तरीके सिखाये जा रहे हैं।

## पेज 9 के शेष...

### गरियाबंद में...

वाहनों और सूचना तंत्रों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे रात में घर से बाहर न निकलें, बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष नजर रखें तथा अकेले जंगल या सुनसान इलाकों की ओर न जाएं। किसी भी प्रकार की सूचना के लिए विभाग ने टोल फ्री नंबर 62681-77800 जारी किया है। इसके अलावा वन कर्मचारी देवेन्द्र तिवारी और टेमन प्रसाद दुबे को भी सूचना दी जा सकती है।

### 2 जून को खत्म...

तरह से यह मौसम की तल्खी है जो किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। गर्मी ऐसी और गर्म हवा ऐसे कि पसीने से तरबतर लोग छांव और ठंडे पानी की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। आमजन ईश्वर से राहत की प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर के वक्त सड़कें सूनी पड़ने लगी हैं। लोग अत्यधिक आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। वहीं चिकित्सकों ने भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। तेज धूप में बाहर निकलने से बचने, अधिक पानी पीने और सिर ढंककर चलने की हिदायत दी जा रही है। भीषण गर्मी के इस दौर ने साफ कर दिया है कि आने वाले दिन और अधिक कठिन हो सकते हैं। ऐसे में सावधानी और सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव मानी जा रही है। फिलहाल हर किसी की निगाहें आसमान पर टिकी हैं और लोग बेसब्री से उस दिन का इंतजार कर रहे हैं जब मौसम कुछ नरम पड़े और तपती धरती को राहत की बूंदें नसीब हों।

### खाद की जमाखोरी...

दिया जाएगा, जबकि लघु और बड़े किसानों को यूरिया चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा ताकि जमाखोरी और अनावश्यक उठाव पर नियंत्रण रखा जा सके। कृषि विभाग ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग से किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन लेने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार नैनो यूरिया के दो छिड़काव से 25 प्रतिशत तक नाइट्रोजन की बचत संभव है, जबकि नैनो डीएपी के उपयोग से फॉस्फोरस की खपत में 50 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है। खरीफ सीजन के बीच प्रशासन की यह सख्ती किसानों को राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अब देखना होगा कि निरीक्षण और कार्रवाई के जरिए खाद की कालाबाजारी और मनमानी बिक्री पर कितनी प्रभावी रोक लग पाती है।

# जंगलों में छुपा है रीछराज जामवंत का इतिहास दस कुंड क्षेत्र को तीर्थ घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा/राजिम



क्षेत्र के घने जंगलों में स्थित लोहरसी, जतमाई, फुलझर और धसकुड इन दिनों एक अनोखे शोध के कारण चर्चा में हैं। लोहरसी निवासी शोधकर्ता राजकुमार यादव और फुलझर निवासी गौकरण मानिकपुरी ने 25 वर्षों के अध्ययन के बाद दावा किया है कि दसकुड अर्थात दस कुंड क्षेत्र रामवनगमन पथ और रीछराज जामवंत की तपोभूमि से जुड़ा हुआ है। शोधकर्ताओं के अनुसार स्थानीय गोंड, कमार और भुंजिया समुदाय कुंड को पानी कहते हैं। गांवों के बुजुर्गों से मिली जानकारी और जनश्रुतियों के आधार पर टीम ने जाम पानी, सुरंग पानी, कुरु पानी, कुसुम पानी, अमली पानी सहित नौ जल कुंडों की पहचान की है। वहीं सुरंग पानी क्षेत्र के पास मिले राख और जले पत्थरों वाले स्थान को अग्नि कुंड बताया गया है, जिसे जामवंत दादा का अखंड धूनी माना जा रहा है। राजकुमार यादव का कहना है कि वर्ष 1909 के गजेटियर में दर्ज शब्द इस क्षेत्र की ऐतिहासिकता को मजबूत करता है। उनका दावा है कि यह पूरा इलाका प्राचीन दंडकवन और जामवंत से जुड़ी लोकपरंपराओं का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। हाल ही में राजकुमार यादव ने वानर टीला क्षेत्र में एक रहस्यमयी घटना का भी उल्लेख किया है। उनके अनुसार शोध के दौरान एक विशाल रीछ ने उनकी जांघ पर पंजा रखा, जिसके बाद वहां दो गहरे निशान उभर आए। हालांकि इसे लेकर वैज्ञानिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। वहीं सुरंग पानी क्षेत्र में भालू के हमले की घटना भी सामने आई है, जिसकी पुष्टि वन विभाग ने की है। शोध टीम ने शासन से मांग की है कि दस कुंड क्षेत्र का पुरातात्विक सर्वे कराया जाए, स्थानीय नामों को मान्यता मिले तथा जतमाई-घटारानी क्षेत्र को श्री रीछराज जामवंत तीर्थ क्षेत्र घोषित किया जाए। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इस क्षेत्र का वैज्ञानिक अध्ययन और संरक्षण किया जाए तो छत्तीसगढ़ की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को नई पहचान मिल सकती है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा लोहरसी शक्ति केंद्र की संगठनात्मक हुई बैठक

**सुरसाबांधा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरसी शक्ति केंद्र की संगठनात्मक बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यकताअरं से संगठन की रीति-नीति को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष गोपी धुरूव सहित खोवा राम साहू, मण्डी अध्यक्ष,धनीराम साहू, चंद्रशेखर साहू, दीपक साहू, दिलीप शर्मा, पुरन साहू, सोहन साहू, श्याम कार्तिक, लोकेश साहू, नारायण साहू, यमुना निषाद, परमानंद निषाद, लता धुरूव एवं उपस्थित रहे। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

### सतन भाजपा सोशल मीडिया जिला कार्यकारिणी के सदस्य

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया जिला कार्यसमिति की घोषणा की गई है। इसमें मैनपुर मंडल के वनांचल क्षेत्र के युवा नेता सतन यादव को सोशल मीडिया



जिला कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। यह घोषणा सोशल मीडिया जिला संयोजक अमित वखारिया ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी, जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी और जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की सहमति से की। सतन यादव ने कहा कि वे पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व पर पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करूंगा और सोशल मीडिया पर पार्टी के हित में आवाज बुलंद करेंगे और शासन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### किसान मोर्चा नवापारा मंडल के टीकू बने उपाध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा के टिकेश्वर टिकू यादव को प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, विधायक इंद्रकुमार साहू, किसान मोर्चा जिला



अध्यक्ष परदेसी राम साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा की अनुशंसा पर नवापारा भाजपा किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति पर उन्हें वरिष्ठ भाजपा नेता रतिराम साहू, सरपंच रमेश वर्मा, उपसरपंच तारणी साहू, संतराम बारले, रामजी खिलवारे, मोहन साहू, हरिश्चंद्र साहू, खिलावन साहू ,मालती ध्रुव,जगदीश साहू, गोपाल साहू, भूषण वर्मा, बेनीराम निर्मलकर, रामनारायण लहरी, प्रेम कुटियारे ने बधाई दी है।

### नाली पर बनाई बाउंड्रीवाल वार्डवासियों ने की शिकायत

**पिथौरा (ग्रामीण)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 में विद्युत पोल से लगे स्टेय वायर को हटाकर नाली के ऊपर बाउंड्रीवाल निर्माण किए जाने को लेकर वार्डवासियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने मामले की शिकायत सुशासन तिहार के समाधान शिविर सहित विद्युत विभाग के सहायक अभियंता से करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 09 निवासी बजरंग अग्रवाल द्वारा मकान निर्माण कार्य के दौरान गली में स्थित विद्युत पोल के सहारे लगे स्टेय वायर को हटवा दिया गया। इसके बाद कथित रूप से नाली के ऊपर बाउंड्रीवाल का निर्माण कर दिया गया। वार्डवासियों का आरोप है कि स्टेय वायर हटाए जाने के कारण विद्युत पोल एक ओर झुक गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो पोल गिरने से जनहानि होने के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था भी बाधित हो सकती है।

## गोना में सुशासन तिहार आज, शिविर से पहले गौरगांव क्षेत्र के बैठक में पहुंचे लोग

# राजापड़ाव अंचल में फूटा ग्रामीणों का आक्रोश कहा- कलेक्टर-एसपी को ही सौंपेंगे मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर राजापडाव़ गौरगांव क्षेत्र के ग्राम कोकड़ी में गुरूवार को किसान संघर्ष समिति के बैठक मे हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और कल 29 मई को सुशासन तिहार के तहत ग्राम गोना मे आयोजित होने वाले शिविर में जाने के पहले लंबित समस्याओं पर समाधान के लिए रणनीति तैयार कर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तथा डीएफओ को समस्याओ से अवगत कराने चर्चा किया गया इस दौरान ग्रामीणो ने कहा की ग्रामीण इलाकों में शिविर में जिले के अफसर नहीं पहुंचने से लोगों के समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है इसलिए जिले के कलेक्टर एसपी एवं डीएफओ व जिला स्तर के अधिकारी जब शिविर में आयेंगे तब उन्हे अपनी समस्या बतायेंगे अन्यथा शिविर का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।किसान संघर्ष समिति जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के मुखियाओ द्वारा निर्णय लिया गया। बाबा साहेब अंबेडकर एवं देवी देवताओं का पूजा अर्चना कर क्षेत्रीय प्रमुख लंबित समस्याओं पर खुलकर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष दैनिक राम मंडावी ने कहा हमारे क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं पर शासन प्रशासन नजरअंदाज किया जा रहा है हमें सिर्फ और सिर्फ कोरा आश्वासन ही मिला जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।



### पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में अधिकारी राज कायम, बुनियादी सुविधाओं का अभाव

जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा की इलाका पांचवी अनुसूची क्षेत्र होने के बावजूद भी इधर अधिकारी राज कायम है। आदिवासी मूलनिवासी संविधान की पांचवी अनुसूची व पेसा कानून 1996 से संरक्षित क्षेत्र के निवासी हैं। उसके बावजूद भी अत्यंत खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि आजादी के 79 वें वर्ष बाद भी हमारे क्षेत्र की स्थिति दयनीय है। शिक्षा स्वास्थ्य आवागमन पुल पुलिया शुद्ध पेयजल बिजली सामुदायिक पट्टा एवं वर्तमान समय में खाद बीज एवं डीजल पेट्रोल के लिए भयंकर क्षेत्र वासियों को भटकना पड़ रहा है। कहीं ना कहीं हमारे साथ सरकार छलावा कर रही है। जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के अध्यक्ष पतंग मरकाम ने कहा हमारे क्षेत्र वासियों को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। शासन प्रशासन के द्वारा चलाई जा रही समाधान शिविर इसके पहले भी आयोजित होते रहे है। लेकिन हमारे क्षेत्र की समस्या जस के तस क्यों है। समझ से परे लगता है।

### आज गोना शिविर में हजारों की संख्या में कूच करेंगे ग्रामीण

गोना के समाधान शिविर में सुबह 10 बजे प्रत्येक गांव से हजारों की संख्या में उपस्थित होने का अपील मुखियाओं के द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से संजय नेताम जिला पंचायत सदस्य, दैनिक राम मंडावी किसान संघर्ष समिति अध्यक्ष, पतंग मरकाम अध्यक्ष जय अंबेडकरवादी युवा संगठन, फूलचंद मरकाम जनपद सदस्य, सुनील मरकाम सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष, अजय नेताम पूर्व सरपंच भूतबेड़ा, टीकम मरकाम सरपंच प्रतिनिधि भूतबेड़ा, चिमन नेताम सरपंच गौरगाँव, शंकर लाल नेताम सरपंच गरहाडीह, घनश्याम मरकाम सरपंच शोभा, कृष्ण कुमार नेताम सरपंच प्रतिनिधि अड़गडी, बिसरू राम मरकाम उप सरपंच, बिकाऊ राम मरकाम उपसरपंच,मंगलूराम मरकाम,विक्रम सिंह नेताम, श्री राम मरकाम, निरंजन नेताम, रामचंद परदे, चौन सिंह मरकाम, कन्हैयालाल मरकाम, हीरा सिंह मंडावी, पुरुषोत्तम परदे, रविंद्र मरकाम, नकुल नागेश, रोहन नेताम, गोपाल राम मरकाम,हेमलाल नागेश, बंसीलाल कैमरो, हरिश्चंद्र मंडावी, महादेव नेताम, महेश सूर्यवंशी, बालाराम, मंगलू राम मरकाम सहित क्षेत्र भर के हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## उदंती टाइगर रिजर्व के कैमरों में कैद हुआ हनी बैजर



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व राजकीय पशु वनभैंसा के साथ ही अनेक महत्वपूर्ण वन्यप्राणियों के रहनवास के नाम से जाना जाता है। टाइगर रिजर्व के जंगल में दुर्लभ वन्यजीव हनी बैजर की मौजूदगी दर्ज की गई है। वन विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार यह जीव आकार में छोटा लेकिन बेहद साहसी और आक्रामक स्वभाव का माना जाता है कैमरा ट्रैप में इसकी तस्वीरें सामने आने के बाद वन्यजीव प्रेमियों और शोधकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। हनी बैजर, जिसका वैज्ञानिक नाम डमससपअवतं बंचमदेपे है को दुनिया के सबसे निडर जीवों में गिना जाता है। यह मुख्य रूप से रात्रिचर जीव है और घने जंगलों, झाड़ियों तथा घासभूमि वाले क्षेत्रों में निवास करता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्रें में इसकी उपस्थिति जैव विविधता और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत मानी जा रही है। वन विभाग के अनुसार हनी बैजर अत्यंत फुतएॅला और शक्तिशाली जीव होता है। इसकी मोटी और ढीली त्वचा इसे मधुमक्खियों के डंक, सांपों के काटने तथा अन्य हमलों से काफी हद तक सुरक्षा प्रदान करती है। यह जहरीले सांपों का भी शिकार करने में सक्षम माना जाता है। भोजन के लिए यह कीट, पतंक, पक्षियों के अंडे, फल, जड़ें तथा कभी-कभी शहद भी खाता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक का वरुण जैन ने बताया कि हनी बैजर जंगल के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह पतकों और कीटों की संख्या नियंत्रित कर फसलों एवं वन क्षेत्र की रक्षा करता है। साथ ही मिट्टी में बिल बनाकर भूमि की उर्वरता बढ़ाने में भी मददगार साबित होता है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वन्यजीवों का संरक्षण करें, अवैध शिकार की सूचना तत्काल दें और जंगलों में प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने में सहयोग करें। वन अधिकारियों का कहना है कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में हनी बैजर की मौजूदगी वन क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाती है। विभाग लगातार कैमरा ट्रैप और निगरानी के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

## 81 वर्षीय बिरझुराम साहू मेहनत और लगन के मिशाल बने



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुरसाबांधा

ग्राम श्यामनगर के रहने वाले बिरझुराम है तो 81 साल के बावजूद शरीर में अब भी वही दम है। मेहनत करने से बिल्कुल पीछे नही हटते। आज के युवा पीढ़ी के लिए मेहनत, लगन और आत्मनिर्भरता की मिसाल बने हुए हैं। 81 की उम्र में भी वे पूरी मेहनत और उत्साह के साथ खेती-किसानी के कार्यों में जुटे रहते हैं। जहां आज अधिकांश लोग वृद्धावस्था में आराम करना पसंद करते हैं, वही बिरझुराम प्रतिदिन खेतों में पहुंचकर बैलगाड़ी से गोबर खाद ढोने, खेत तैयार करने तथा अन्य कृषि कार्यों में मेहनत करते नजर आते हैं। उनकी मेहनत और खेती के प्रति समर्पण देखकर गांव के लोग भी प्रेरित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिरझुराम साहू वर्षों से पारंपरिक खेती को जीवित रखे हुए हैं और आज भी बैलगाड़ी एवं जैविक खाद के उपयोग को महत्व देते हैं। उनका मानना है कि मेहनत और आत्मविश्वास से हर उम्र में सक्रिय रहा जा सकता है। गांव के युवाओं ने भी उनके जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि बिरझुराम साहू का जीवन संघर्ष, परिश्रम और खेती के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण है। उनकी कार्यशैली नई पीढ़ी को खेती से जुड़ने और मेहनत का महत्व समझने की प्रेरणा देती है।

## विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

■ गंज मार्ग में संकीर्ण पुलिया निर्माण का भूमि पूजन

विधायक इंद्रकुमार साहू ने मंगलवार को गंज रोड में प्रस्तावित संकीर्ण पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। यह पुलिया 79.75 लाख रूपए की लागत से बनने जा रहा है। बता दें कि प्रस्तावित पुलिया पुरानी एवं संकीर्ण है जिसमें यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है यह पुलिया शहर के अंदर स्थित है जिसका पुननिर्माण चौड़ीकरण कर डामरीकरण किया जाना है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी साहू, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, पालिकाउपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पार्षद जीना -सुजीत निषाद, नम्मू नारायण ध्रुव, धीरज साहू, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राजीव वैद्य, इंजीनियर ऋषि सेन, सीएमओ लवकेश पैकरा, इंजीनियर राहुल थवानी मौजूद थे। कार्यक्रम में उत्साह और विकास की नई उम्मीद देखने को मिली। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि नवापारा शहर सहित पूरे अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े



अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य पूरी गुणवत्ता और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए तेजी से काम हो रहा है। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम गढ़ रहा है और यहां अधोसंरचना के क्षेत्र में लगातार परिवर्तन दिखाई दे रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक समान विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इस संकीर्ण पुलिया निर्माण से गंज रोड में लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे शहर के लिए आवश्यक विकास कार्य बताया।

## बेल्टुकरी में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा

ग्राम पंचायत बेल्टुकरी में जूनियर क्रिकेट क्लब बेल्टुकरी के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राइस मिल प्रकल्प किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के सह संयोजक एवं भाजपा नेता ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर गरियाबंद जिला पंचायत सभापति नंदनी ओंकार साहू द्वारा पूर्व में घोषित 7777 रुपए की द्वितीय पुरस्कार राशि का वितरण भी किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेल प्रेमी और युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ओंकार साहू ने कहा कि आज का यह आयोजन केवल एक क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि क्षेत्र की युवा शक्ति, एकता, अनुशासन और प्रतिभा का प्रतीक है।



उन्होंने कहा कि क्रिकेट आज युवाओं के जुनून और सपनों का माध्यम बन चुका है। खेल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है तथा उनमें अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण युवा खेल मैदानों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ा-लिखा और स्वस्थ युवा ही समाज और देश को नई दिशा दे सकता है। इस दौरान कौनद्केरा सोसायटी अध्यक बाबूलाल साहू , ग्रामीण साहू समाज कौनकेरा, जिला कार्यकारणी सदस्य भाजपा राकेश साहू सहित भाजपा कार्यकर्त्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नमाज अता कर अमन- शांति और खुशहाली की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

ईद -उल -अजहा बकरीद का पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के माहौल में धूमधाम से मनाया गया। सुबह 7:30 बजे मुस्लिम समाज के लोग सुन्नी हनफी मदीना मस्जिद पहुंचे जहां मौलाना नसिमुल हक सहाब द्वारा ईद -उल -अजहा की विशेष नमाज अदा कराई गई और सलातों सलाम का नजराना पेश कर देश प्रदेश में खुशहाली की दुआएं मांगी गई जिसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने महरूमों के कब्रों में फुल, ईत्र चढ़ाकर फातिहा पढ़ी गई। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने थाना प्रभारी चिंतामणि देशमुख के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुरेश निषाद पुलिस बल के साथ तैनात थे समाज ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया ईद-उल-अजहा बकरीद के मौके पर सदर शब्बीर खान, पूर्व सदर गुलाम इश्हाक खान,सलीम खान, नायाब सदर अजीज खान,शेख इब्राहिम, सत्तार रब्बानी, शाबिर रब्बानी, मनसूर रहमान



खान, सलीम वारसी, नियाज अहमद, शेख हसन हुसैन, शेख इस्माइल, डॉ. सकील, नवाब खान, वहीं इंतेजामिया कमेटी के सदर शेख इमरान, नयाब सदर शहबाज खान, राजा खान, सफदर असरफी, शेख आशिफ, ताहिर, रिहान, मुख्तार, अयान, अमान, आमिन, अनवार रब्बानी, आशु, अर्शियान, अकीब, शेख इजान, ईहान भाई, सना, रिजवान, फैजान, मो. अरबाज खान, आलिया अंजुम, राइद अली सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने एक- दूसरे को मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया।

## बंद पड़े वाटर फ्रिजर का सुधार लोगों को मिलने लगा ठंडा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर ग्राम पंचायत द्वारा नगर के दो स्थानों पर नागरिकों एवं राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए लाखों रूपये खर्च कर दो फ्रिजर लगाया गया है और दोनों फ्रिजर पिछले वर्ष से बिगड़कर खराब पड़ा हुआ था। इस भीषण गर्मी में भी मैनपुर नगर में पहुंचने वाले राहगीरों और यात्रियों को ठंडा पानी नसीब नहीं हो पा रहा था जिसमें एक फ्रिजर ठीक ग्राम पंचायत गेट के सामने लगाया गया है। कई बार ग्रामीणों द्वारा इसके सुधार की मांग करने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। इस खबर को हरिभूमि अखबार ने 25




मई 2026 को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया जिसके बाद मैनपुर एसडीएम हितेश्वरी बाघे एवं जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे के गजभिये ने इस मामले को संज्ञान मे लिया और तत्काल दोनों फ्रिजर को सुधार करवाने का निर्देश ग्राम पंचायत मैनपुर को दिया गया। एसडीएम एवं जनपद सीईओ के निर्देश पर दूसरे दिन ही फ्रिजर का सुधार कार्य प्रारंभ किया गया और फ्रिजर का सुधार किया गया है साथ ही अब मैनपुर नगर मे पहुंचने वाले राहगिरो यात्रियों को इस भीषण में फ्रिजर का ठंडा पानी उपलब्ध होने लगी है। जिस पर लोगों ने एसडीएम हितेश्वरी बाघे, जनपद पंचायत के सीईओ जे के गजभिये एवं हरिभूमि के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## साध्वी निरंजन ज्योति से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**सुरसाबांधा।** मछुवारा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मदन निषाद,भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र साहू, महेश्वर साहू एवं हेमंत साहू ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक, पिछड़ा वर्ग एवं मछुवारा समाज सामाजिक समरसता, युवाओं के उत्थान, पिछड़ा वर्ग समाज के अधिकारों तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के



प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मछुवारा समाज की बेटी साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान कर समाज को सम्मान देने का कार्य किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह पूरे मछुवारा समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। साथ ही साध्वी निरंजन ज्योति के प्रस्तावित छत्तीसगढ़ आगमन पर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किए जाने की तैयारी की जा रही है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## चंदन ने रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

**सुरसाबांधा।** ग्राम टेका निवासी युवा चंदन देवांगन ने प्रथम बार रक्तदान कर मानवता और सेवा भाव का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान कर यह संदेश दिया कि रक्तदान महादान है और इससे किसी व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। चंदन देवांगन क्षेत्र में सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा से जुड़े आयोजनों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम, सेवा कार्य, युवा गतिविधियों और जरूरतमंदों की सहायता में वे हमेशा आगे रहते हैं। उनके द्वारा किए गए प्रथम रक्तदान की क्षेत्र में सराहना हो रही है। चंदन ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने और समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। स्थानीय लोगों ने बताया कि चंदन हमेशा जरूरतमंद परिवारों की सहायता, धार्मिक आयोजनों में सहयोग तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं। उनके इस कार्य से युवाओं को प्रेरणा मिलती है और समाज में सेवा एवं मानवता की भावना मजबूत होती है।

## खरोरा में मनाई गई वीर सावरकर की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में स्वतंत्रता सेनानी दामोदर वीर सावरकर की जयंती मनाई गई। वीर सावरकर केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं थे, बल्कि वे प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, साहित्यकार, समाज सुधारक और दूरदर्शी नेता भी थे।

विडंबना : एनएच से महज 5 किमी दूर 38 कमार परिवारों को बुनियादी सुविधाओं का इंतजार

# मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे ग्राम जरण्डी के कमार आदिवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास और उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है और तो और विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासी ग्रामों के विकास के दावे करते अफसर नहीं थक रहे हैं ठीक इसके विपरित आज भी वनांचल क्षेत्र में बसे जनजाति ग्राम के लोग बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे हैं। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर दूर विकासखण्ड गरियाबंद के अंतिम छोर में बसा विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी ग्राम जरण्डीह के ग्रामीणों को आजादी के सात दशक बाद भी मुलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड रहा है। यह ग्राम नेशनल 130 सी धवलपुर से महज पांच किलोमीटर दूरी पर बसा है। गांव की जनसंख्या लगभग 340 के आसपास है और 38 कमार जनजाति परिवार के लोग निवास करते हैं। इस गांव में पहुचने से पहले एक बड़ी पैरी नदी को पार करना पडता है, इस नदी में बारिश के चार माह ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडता है, पुल पुलिया निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण कई बार सांसद विधायक जिले के अफसरों को आवेदन दे चुके है लेकिन पुल पुलिया का निर्माण अब तक नही किया जा सका है, ग्राम जरण्डीह में शासकीय प्राथमिक शाला में कुल 28 छात्र छात्राए अध्यनरत थे जिन्हे शिक्षा देने के लिए एक शिक्षक की व्यवस्था किया गया है।





### अब तक नहीं पहुंचे विधायक

ग्राम जरण्डी सड़क से महज 05 किमी की दूरी पर स्थित है लेकिन पिछले 20 वर्षों से कोई भी विधायक सांसद इस गांव में नहीं पहुंचा है ग्रामीणों को सांसद विधायक का इंतिजार है ताकि गांव में विकास कार्य पहुंच सके।

### स्कूल आते समय छात्र की हो चुकी है मौत

ज्ञात हो कि जरन्डी और बोडापाला में प्राथमिक स्कूल है और यहा के बच्चों को हाई स्कूल के लिए धवलपुर आना पडता है, बारिश के दिनों में धवलपुर आने के लिए इन दोनों गांव के छात्र -छात्राओं को या तो टयूब के सहारे नदी पार करना पडता है या तो पालक अपने कंधे पर बिठाकर बच्चों को नदी पार करवाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार आज से 05-06 वर्ष पहले इस नदी को पार करते समय स्कूली छात्र के बह जाने से मौत भी हो गई है तब प्रशासन स्तर पर हडकम्प मच गया और तत्काल धवलपुर से जरन्डी बोडापाला के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत करोडो रूपये की लागत से सडक निर्माण कार्य प्रारंभ किया, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत सडक निर्माण कार्य हो चुका है, लेकिन पुल पुलिया का निर्माण नही हुआ है।

### राशन लेने के लिए 5 किमी जंगलधवलपुर जाना पड़ता है

ग्रामीण गोपालसिंह, रामलाल, देवीसिंह, विष्णुराम, कोमल ओंटी, रामसिंह, लक्ष्मण, बनसिंह ने बताया कि ग्रामीणों को राशन लेने के लिए जंगलधवलपुर जाना पडता है खासकर बारिश के दिनो में नदी में बाढ़ को पार करना पडता है, शासन द्वारा गांव में बिजली लगाई जा चुकी है और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कमार जनजाति लोगो का मकान निर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है। यहां के कमार जनजाति के ग्रामीण बांस के बर्तन बनाने का कार्य करते है और बांस बर्तन से मिलने वाली आय से अपना जीविकाउपार्जन करते है, कमार परियोजना द्वारा कमार जनजाति के विकास के लिए अनेक योजना संचालित किया जा रहा है, लेकिन यहां के कमार जनजाति के ग्रामीणों को परियोजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, गांव में उपस्वाथ्य केन्द्र नहीं है, बारिश के दिनों में तबीयत खराब होने की स्थिति में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में सभी घरो के सामने नल लगा दिया गया है, लेकिन नल से पानी नहीं आ रहा है। ईकेवाईसी व अन्य शासकीय कार्यों के लिए ग्रामीणों को धवलपुर या गरियाबंद जाना पड़ता है।



## अग्निवीर में पार्वती साहू का चयन



**राजिम।** ग्राम नवागांव की बेटी पार्वती साहू का चयन भारतीय सेना अग्निवीर में हुआ है। वे रामू-संतोषी साहू की बेटी है। उनके चयन से गांव में हर्ष का वातावरण है। बता दें कि वे निशुल्क सैन्य भर्ती प्रशिक्षण शिविर राजिम में कैडेट रही और प्रशिक्षण प्राप्त किया था। एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने इस संदर्भ में कहा कि मैने जब निशुल्क सैन्य भर्ती प्रशिक्षण शिविर को एक अभियान के रूप में शुरू किया था तब वह मात्र एक ईश्वरीय प्रेरणा ही थी आज जब राजिम क्षेत्र एवं आसपास से खबर मिलती है कि हमारे बच्चे और छात्र, सेना एवं अन्य रक्षा क्षेत्रों में चयनित हो रहे हैं तो गर्व की अनुभूति होती है। उनके माता पिता के आंखों में देखकर जो विश्वास और सम्मान की झलक दिखाई देती है तो लगता है कि सेवा सफल हुई और उन बच्चों पालकों का स्नेह,अपनापन, विश्वास और सम्मान ही असली पूंजी है। कहा कि किसी भी शिक्षक,प्रशिक्षक उस्ताद के लिए ऐसा पल बहुत ही गौरवपूर्ण एवं सम्मानजनक होता है। मै उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।




## ग्रामीण इलाकों में गहराया पेयजल संकट, भीषण गर्मी में सूखे जल स्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

क्षेत्र के सुरसाबांधा, कुंडेल, कुरुषकेरा जैसे कई गावों मे नौटपा की भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांवों में हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चले जाने और कई जल स्त्रोतों के सूखने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने ग्रामीणों के हित में आवाज उठाते हुए संबंधित विभाग से तत्काल जांच कर लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। इंद्रजीत महाडिक ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में पानी की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। कई गांवों में हैंडपंप जवाब दे चुके हैं, वहीं कुएं और तालाबों का जलस्तर भी काफी नीचे पहुंच गया है। भीषण गर्मी में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों तथा मवेशियों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को तत्काल प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर खराब हैंडपंपों की मरम्मत, टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति तथा वैकल्पिक जल स्त्रोतों की व्यवस्था करनी चाहिए। गर्मी के इस दौर में पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता की अनदेखी करना गंभीर विषय है। जिला पंचायत सदस्य महाडिक ने कहा कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। इस पूरे मामले पर लोक स्वस्थ्य यंत्रिकी राजिम नवीन साहू ने कहा की जल जीवन मिशन मे विगत एक वर्षो से लगभग पेंडिंग है भुकतान नही होने पर ठेकेदार द्वारा काम रुका हुआ है विभाग द्वारा उन्हें नोटिस भेजा गया है जैसे ही भुकतान होता है काम चालू किया जायेगा।






# नगर में मना ईद-उल-अजहा का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर मे आज गुरूवार को ईद- उल-अजहा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया सुबह 7:30 बजे रजा मस्जिद से जुलुस निकाली गई जुलुस मे रंग बिरंगे नये कपड़े पहने छोटे-छोटे बच्चे हाथो मे झंडा लेकर चल रहे थे। युवा नौजवान बुजुर्ग नात शरीफ पढ़ रहे थे यह जुलुस ईदगाह पहुंची जहां मौलाना सिब्तैन रजा खान साहब द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा कराई गई और सलातो सलाम का नजराना पेश किया गया तथा प्रदेश व देश मे अमन शांति खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और मुस्लिम समाज के लोगो ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमो के कब्रो मे फुल, ईत्र चढ़ाकर फातिहा पढ़ी । इस मौके पर प्रमुख रूप से मुस्लिम समाज मैनपुर के पेश इमाम दिलसार आलम,हाजी रफीक मेमन, हाजी गुलाम मेमन, हाजी हुसैन मेमन,हाजी सत्तार मेमन, हाजी शब्बीर मेमन, हॉजी गफ्फु मेमन , हाजी इलियास मेमन,शेख हसन खान, जुनैद रजा, अहमद बेग, गुलाम रसुल बेग, इकबाल मेमन, जाहिद भट्टी,अनीश सोलंकी, शेख हुसैन, हैदर मेमन,गोलू मेमन,नदीम भाई, सुल्तान मेमन,अजहर मेमन,हनीफ मेमन,जमाल खान, अख्तर मेमन,बबला भाई, अहसन मेमन, शेख फखरूद्दीन, ईकराम, रमजान खान, जब्बीर भाई, ईशुफ मेमन, गुलाम मेमन, अफजल मेमन, शाहिद मेमन, सिकंदर मेमन, आरिफ मेमन, जुबैर सोलंकी, अवैश मेमन, सौबान मेमन, आतिफ खान, शेख फरान, अकबर भाई, मसूद भाई फरीद भाई, सकिल भाई, फिरोज भाई, अम्मु भाई सहित सैकड़ो की संख्या मे मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में पुलिस बल बड़ी संख्या मे तैनात थे। हिन्दू मुस्लिम भाई मैनपुर नगर मे सद्भावना अनुसार एक दूसरे को गले मिलकर बधाई देते नजर आये और ईद पर्व पर काफी उत्साह देखने को मिला। ज्ञात हो कि मैनपुर नगर से इस वर्श हज करने मक्का मदीना 08 लोग गये हुए है।



### नवापारा में ईद-उल-अजहा पर्व मनाया

**नवापारा-राजिम।** नवापारा में पर्व ईद-उल-अजहा बड़े ही हर्षोल्लास, अकीदत और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह एवं मस्जिदों में पहुंचकर ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज अदा की तथा देश में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। पूरे नगर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस खास मौके पर अल्तमश सिद्दीकी, हाजी अशरफ चौहान, अशफाक लखानी, सरफु सोलंकी, हाजी यूनुस चांगल, अज्जू खत्री, साजिद चांगल एवं अब्दुल हफीज ने समस्त नगरवासियों को ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, कुबार्नी, इंसानियत और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द्र बनाए रखने तथा जरूरतमंदों की मदद करने की अपील भी की। ईद के अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने मिल-जुलकर पर्व की खुशियां मनाईं।



### ईदगाह और मस्जिदों में अता की गई नमाज

**छुरा।** नगर सहित आसपास के इलाकों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का मुकद्दस त्योहार को पूरे जज्बे, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखने को मिला। ईदगाह और मस्जिदों में नमाज-ए-ईद अदा की गई, जहां मुल्क में अमन, चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए खास दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद पेश की। इसके बाद सुन्नत के मुताबिक कुर्बानी की रस्म अदा की गई तथा गरीबों और जरूरतमंदों में गोश्त व खाने-पीने की चीजों का तकसीम किया गया। बच्चों और नौजवानों में ईद को लेकर खास रौनक नजर आई। ईद के मौके पर पूरे नगर में मोहब्बत, इंसानियत और आपसी भाईचारे का पैगाम देखने को मिला। विभिन्न समाजों के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की दिली मुबारकबाद दी।पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन और पुलिस अमला मुस्तैद रहा। मुस्लिम समाज के सलीम मेमन ने बताया कि ईद-उल-अजहा त्याग, कुर्बानी और इंसानियत का पैगाम देने वाला त्योहार है। साथ ही समाज में मोहब्बत, आपसी इत्तेहाद और भाईचारा कायम रखने की अपील की।




